College Code - 139

# SWAMI VIVEKANANDA COLLEGE OF EDUCATION ROORKEE

AFFILATED :- SRI DEV SUMAN UTTARAKHAND UNIVERSITY, BADSHAHITHOL, TEHRI-249199

Opp. Shri Guru Ram Rai Public School, Dehradun Road,
Roorkee 247667 Distt. Haridwar (Uttarkhand)
Contact : +91-8923345713, +91-8979415713
Email : s.v.c.e.roorkee@gmail.com Website : www.svceroorkeee.in

**Ref . No.:** SVCE/129/Notice/2026-27 **Dated** 08-09-2026

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय मे अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विषम सेमेस्टर की परीक्षाएँ दिसंबर 2026 में आयोजित होना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र–छात्राओं की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। जिन छात्र–छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, उन्हें विश्वविद्यालय के नियमानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है।अतः समस्त छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि–

1. सभी छात्र–छात्राएँ नियमित रूप से अपनी कक्षाओं में उपस्थित रहें तथा न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।
2. अपनी प्रैक्टिकल फाइल एवं असाइनमेंट समय–समय पर संबंधित विषय अध्यापकों से जाँच करवाएँ।
3. महाविद्यालय में निर्धारित वेशभूषा (ड्रेस कोड) में ही उपस्थित हों।
4. गुरुजनों एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों का सम्मान करें तथा उनके द्वारा दिए गए शैक्षणिक एवं अनुशासन संबंधी निर्देशों का पालन करें।
5. महाविद्यालय में अनुशासन, नियमितता एवं शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।
6. महाविद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, एनएसएस, रोवर–रेंजर, खेलकूद एवं अन्य सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ–चढकर प्रतिभाग करें तथा अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन अवश्य करें।
7. महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं की विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। यदि किसी छात्र–छात्रा को किसी प्रकार की शैक्षणिक, अनुशासनात्मक अथवा अन्य समस्या होती है, तो वह संबंधित समिति के संयोजक से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकता है।
8. महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों की सूची इस सूचना के साथ संलग्न है। सभी छात्र–छात्राएँ संबंधित समितियों एवं उनके संयोजकों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

***नव–प्रवेशित समस्त छात्र–छात्राओं का स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिवार हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है तथा उनके उज्ज्वल, सफल एवं सुखद भविष्य की मंगलकामना करता है।***

08-09-2026

(डॉ0 विकास कुमार)
प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन
रुडकी